# श्रीगंगानगर में पारा 3.5 डिग्री रहा, 26 और 27 को बारिश की संभावना

## मौसम विभाग ने श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ सहित कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। प्रदेश के कई जिलों में गत दिनों हुई बरसात के बाद सर्दी तेज हो गई है और मौसम में बदलाव देखा गया है। उदयपुर में शनिवार को शीतलहर के चलते सुबह से कड़ाके की सर्दी रही। 24 घंटों में न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। अलवर में बारिश होने व ओले गिरने के अगले दिन शनिवार को शीतलहर ने सबको कंपकंपा दिया। वहीं श्रीगंगानगर जिले में वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर अब खत्म हो गया है, जिसके कारण मौसम ड्राई बना हुआ है और कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिन में तेज धूप निकलने के बावजूद भी ठंडी हवाएं चल रही है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को श्रीगंगानगर जिला प्रदेश में दूसरा सबसे अधिक ठंडा जिला रहा। गुरुवार को हुई बारिश ने मौसम को बदल दिया। तेज धूप और सूखी ठंड का असर सरसों की फसल पर अधिक पड़ रहा है, जिससे सरसों के दाने पिचक जाएंगे और उत्पादन में कमी होगी।

मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री रिकार्ड किया गया। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री और अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं, गुरुवार को यहां न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री और अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री रिकार्ड किया गया था। मौसम विभाग ने 26 और 27 जनवरी को श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी और आंधी और बारिश के साथ ओले भी गिरेंगे। वहीं, 25 जनवरी को जिलेभर में मौसम साफ रहने की संभावना जताई गई है।

### उदयपुर में एक बार फिर सर्दी ने तेवर दिखाए

**उदयपुर,** (का.सं.)। झीलों की नगरी उदयपुर में शनिवार को शीतलहर के चलते सुबह से कड़ाके की सर्दी रही। 24 घंटों में न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री की गिरावट आने से सर्दी फिर तेज हो गई है। तेज धूप निकलने के बाद भी ठंडी हवाओं से ठिठुरन बनी हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में 6.4 डिग्री व अधिकतम तापमान में 6.2 डिग्री तक गिरावट दर्ज हुई है। बीती रात उदयपुर में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले उदयपुर में न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री था। उत्तरी हवाओं के प्रभाव से आगामी 48 घंटे तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने व शीतलहर चलने की संभावना है।

मौसम एक्सपर्ट डॉ. आर.एस. देवड़ा के अनुसार मेवाड़ सहित दक्षिणी राजस्थान में भी मावठ होने और ओले गिरने की संभावना है। उत्तरी से चलने वाली 10 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार से ठंडी हवाओं के कारण तापमान में कमी होगी। एक बार फिर से गलन वाली सर्दी का एहसास होगा। मौसम एक्सपर्ट के अनुसार ठंडी हवाओं के कारण तापमान में कमी होने और एक बार फिर गलन वाली सर्दी की संभावना है। उदयपुर शहर में सुबह बादलों का डेरा नहीं था और धूप भी नहीं थी। सर्दी के बदलते तेवर से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र में कडाके की सर्दी से बचने के लिए ग्रामीण घरों में ही अलाव का सहारा ले रहे हैं। काम पर जाने वाले लोग गर्म स्वेटर, मफलर, टोपी का सहारा लेकर बचाव कर रहे हैं।

### अलवर में एक दिन में 8 डिग्री तक गिरा तापमान

**अलवर,** (निसं)। अलवर में बारिश होने व ओले गिरने के अगले दिन शनिवार सुबह से शीतलहर ने सबको कंपकंपा दिया। बर्फ जितनी ठंडी हवा चल रही है, लेकिन सुबह से ही धूप निकलने पर सर्दी से कुछ राहत भी मिली, जहां बादल छाए हैं, वहां सर्दी का असर ज्यादा है। शुक्रवार को बारिश होने पर अलवर में दिन का तापमान करीब 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री दर्ज हुआ। बीते कई दिनों से अधिकतम तापमान 28-29 डिग्री के करीब था। तापमान में यह गिरावट बारिश के चलते हुई है। वहीं न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री दर्ज हुआ था। वहीं शहर सहित आसपास में बर्फ जैसी सर्दी है, लेकिन दिन में धूप निकलने से फसल में कोई नुकसान नहीं है, इस तरह की सर्दी से फायदा है। आगामी दिनों में फसल को अभी सर्दी की जरूरत है। मौसम के जानकारों के अनुसार आगे 26 से 27 जनवरी के बीच में वापस मौसम बदल सकता है और बारिश होने का अनुमान है, जिससे सर्दी बनी रहेगी। इस कारण फसल अच्छी होने की उम्मीद है।

### बाप क्षेत्र में वाहनों व घास पर जमी ओस की बूंदें

**बाप,** (निसं)। दो दिन पहले हुई मावठ के बाद शुरू हुई शीतलहर का असर शुक्रवार को भी जारी रहा। बीती रात तापमान गिरकर जमाव बिंदु के करीब पहुंच गया। शनिवार सुबह वाहनों, घास और फसलों पर कई जगह ओस की बूंदें जमी नजर आई।

वहीं शनिवार दोपहर बाद मौसम ने फिर करवट ली और बादल छा गए। बादलों के साथ चली बर्फीली हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। कुछ देर के लिए निकली धूप भी ठंडी हवाओं के सामने बेअसर साबित हुई। शाम ढलते ही सर्दी ने और तीखा रूप ले लिया। हालात ऐसे रहे कि गर्म कपड़ों में भी सर्द हवाएं महसूस हुईं। शीतलहर के चलते इलाके में गलन काफी बढ़ गई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। निराश्रित पशुओं की हालत कड़ाके की सर्दी में दयनीय बनी हुई है।

# दस हजार का इनामी तस्कर चार साल बाद गिरफ्तार

## पुलिस ने एनडीपीएस मामले में फरार आरोपी को पंजाब के फतेहाबाद जिले से पकड़ा

**बज्जू,** (निसं)। पुलिस को एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चार साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी तस्कर करनैल सिंह उर्फ मैम्बर को हरियाणा के फतेहाबाद जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी को उसके पैतृक गांव हिजरावां कलां से पकड़ा है।

बज्जू थानाधिकारी जगदीश पांडर ने बताया कि यह मामला नवंबर 2021 का है। तत्कालीन थानाधिकारी बलवंतराम ने इंदिरा गांधी मुख्य नहर की 931 आरडी चौराहा पर नाकाबंदी के दौरान एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से 22 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त जब्त किया था। उस समय कार चालक हरविंदर सिंह निवासी जीवन नगर रेओंद कला, पंजाब और चरणजीत कौर पत्नी अमरीक सिंह, निवासी रेओंद कला, पंजाब को गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि, कार की बीच वाली सीट पर सवार करनैल सिंह उर्फ मैम्बर निवासी हिजरावां कलां, फतेहाबाद, हरियाणा मौके से फरार हो गया था। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम और तस्करों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बज्जू पुलिस टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने हरियाणा जाकर तकनीकी और गोपनीय जानकारी के आधार पर आरोपी करनैल सिंह उर्फ मैम्बर पुत्र जुगलाल उर्फ जुगलसिंह को उसके गांव से दबोच लिया। इस कार्रवाई में थानाधिकारी जगदीश पांडर के साथ कांस्टेबल रामकुमार विश्नोई और रामेश्वरलाल विश्नोई शामिल थे।

### कार की टक्कर से अधेड़ की मौत

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा थाना इलाके में कार की चपेट में आने से घायल हुए अधेड़ की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। गुमानपुरा थाने के एएसआई लतीफ मोहम्मद ने बताया कि कंसुआ निवासी सुरेन्द्र सिंह जो जनता टेलर की शॉप पर टेलर का काम करता था, एएसआई ने बताया कि सुरेन्द्र सिंह दुकान के किसी काम से बाजार पैदल जाते समय कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए सुरेन्द्र सिंह को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से घायल व्यक्ति को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

### बीकानेर में चोरी व गुम हुए 40 लाख के मोबाइल बरामद

**बीकानेर,** (निसं)। पुलिस ने चोरी और गुम हुए 170 मोबाइल बरामद कर ऑनर्स को वापस लौटाए। मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने राजस्थान समेत एमपी, बिहार, यूपी, हरियाणा से लोकेशन ट्रेस कर मोबाइलों को बरामद किया था। मोबाइल अधिकांश बुजुर्गों, महिलाओं, विद्यार्थियों और मजदूर वर्ग के थे। कई मामलों में मोबाइल किश्तों पर खरीदे गए थे, जिससे लोगों को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि मोबाइल गुम होने की शिकायतें लगातार मिल रही थी। दूरसंचार विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों और मोबाइल गुमशुदगी रिपोर्ट के आधार पर सायबर सेल व थानों को विशेष निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर चक्रवर्ती सिंह राठौड़ व ग्रामीण बनवारीलाल मीणा के निर्देशन में थाना स्तर पर टीमों का गठन किया गया और चोरी और गुम हुए 170 मोबाइल बरामद किये और मालिकों को लौटाये।

# बीकानेर के नाल एयरपोर्ट से पैसेंजर लोड चार गुणा हुआ

**बीकानेर,** (निसं)। नाल स्थित एयरपोर्ट के लिए यह साल बेहद उत्साहजनक संकेत लेकर आया है। जहां वित्तीय वर्ष 2023-24 में महज 6470 यात्रियों ने हवाई सफर किया था, वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर के बीच ही 32265 पैसेंजर्स ने उड़ान भरी। यानी एक साल के अंतराल में बीकानेर एयरपोर्ट से यात्री संख्या में करीब 400 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया है। यह बढ़ोतरी न केवल शहर की हवाई कनेक्टिविटी को मजबूती देती है, बल्कि भविष्य में नई फ्लाइट्स की संभावनाओं के द्वार भी खोलती है। नाल एयरपोर्ट से मिल रहे हालिया आंकड़े बीकानेर के लिए सकारात्मक और उम्मीद जगाने वाले हैं।

फिलहाल यहां से रोजाना इंडिगो एयरलाइंस की बीकानेर-दिल्ली फ्लाइट संचालित हो रही है, जिसे यात्रियों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसके अलावा एलाइंस एयर की ओर से सप्ताह में एक दिन शनिवार को बीकानेर-जयपुर उड़ान भी उपलब्ध है। इन सीमित उड़ानों के बावजूद यात्रियों की संख्या में जिस तरह की तेजी देखने को मिली है, उसने यह साफ कर दिया है कि बीकानेर में हवाई यात्रा की मांग लगातार बढ़ रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह ग्रोथ आने वाले समय में नई कनेक्टिविटी फ्लाइट्स के लिए मजबूत आधार बनेगी। बीकानेर व्यापार, उद्योग और पर्यटन की दृष्टि से तेजी से उभरता हुआ शहर है। देशभर में ऊन उद्योग, नमकीन, भुजिया, हस्तशिल्प और टूरिज्म के कारण बीकानेर की पहचान है। ऐसे में बेहतर एयर कनेक्टिविटी न केवल व्यापारियों के लिए समय और लागत की बचत करेगी, बल्कि शहर में निवेश और पर्यटन को भी बढ़ावा देगी। नाल एयरपोर्ट से यात्रियों की संख्या में हुई करीब 400 प्रतिशत की वृद्धि यह साफ संदेश देती है कि बीकानेर अब हवाई नक्शे पर मजबूती से उभर रहा है। सीमित उड़ानों में भी मिली यह सफलता भविष्य की बड़ी उड़ानों का संकेत है।

यदि मांग के अनुरूप कनेक्टिविटी बढ़ाई जाती है, तो बीकानेर का आसमान आने वाले वर्षों में और व्यस्त नजर आएगा। नाल एयरपोर्ट से फिलहाल सिर्फ दो रूट्स पर नियमित उड़ानें हैं, इसके बावजूद पैसेंजर लोड में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। इससे यह संकेत मिलता है कि बीकानेर से दिल्ली और जयपुर के अलावा अन्य बड़े व्यापारिक और औद्योगिक शहरों के लिए सीधी उड़ानों की जबरदस्त जरूरत है। बीकानेर के कारोबारी लंबे समय से सूरत, अहमदाबाद, मुंबई और असम जैसे शहरों के लिए डायरेक्ट फ्लाइट की मांग कर रहे हैं। इन शहरों से बीकानेर का व्यापारिक और औद्योगिक जुड़ाव गहरा है। यदि ये रूट शुरू होते हैं तो नाल एयरपोर्ट उत्तर-पश्चिम राजस्थान का एक मजबूत एविएशन हब बन सकता है।

### अलवर में पुलिस ने इनफील्ड बाइकें जब्त की

**अलवर,** (निसं)। अलवर ट्रैफिक पुलिस की लगातार कार्रवाई के चलते मॉडिफाइड इनफील्ड बाइक चालकों में अब डर पैदा हुआ है। शनिवार को भी ट्रैफिक पुलिस ने 30 वाहनों के चालान काटे और 4 मॉडिफाइड बाइक जब्त की है। इससे पहले एक साथ 250 मॉडिफाइड साइलेंसर को बुलडोजर से कुचलवाया था। ट्रैफिक पुलिस अलवर के इंचार्ज संजय शर्मा ने बताया कि ज्योतिराव फुले सर्किल पर लोक परिवहन बस संचालक मन चाहे जहां वाहनों को खड़ा करते थे। उनको गाइडलाइन समझाकर बसों के चालान किए हैं। करीब 30 वाहनों के चालान काटे हैं जो नियम के विरुद्ध वाहन चला रहे थे। पुलिस ने चार मॉडिफाइड बाइक के चालान भी काटे हैं। जिनको जब्त कर थाने लेकर आया गया। पुलिस ने रोडवेज प्रशासन को भी पत्र लिखकर अवगत कराया है कि रोडवेज की बसें अपने निर्धारित जगह पर खड़ी हों, ताकि मन चाहे जहां खड़ा करने से रोड जाम नहीं हों। बस वाले यात्रियों को उतारते समय जहां चाहे वहां खड़ा करते हैं।

# अलवर सांसद भूपेंद्र सिंह की ''एक पाती अलवर के नाम'' की हो रही सराहना

## सांसद यादव ने अपने क्षेत्र की जनता से जुड़ने के लिए एक अनूठी पहल शुरू की है, जिसे ''एक पाती अलवर के नाम'' नाम दिया है

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण, जलवायु मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने अपने संसदीय क्षेत्र की जनता से जुड़ने के लिए एक अनूठी पहल शुरू की है, जिसे नाम दिया गया है ''एक पाती अलवर के नाम।'' यह पहल सांसद के फेसबुक पेज से लेकर व्हाट्सएप ग्रुपों तक बड़े उत्साह के साथ पढ़ी जा रही है और क्षेत्र में खासा चर्चा का विषय बनी हुई है। यह अलवर क्षेत्र की जनता के लिए शुरू की गई एक अभिनव एवं अनुकरणीय पहल है, जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है।



अलवर सांसद भूपेंद्र यादव।

> ■ यह पत्र जन-जन में पढ़ा जा रहा है और क्षेत्र में जनप्रतिनिधि व जनता के बीच मजबूत संवाद का माध्यम बन गया है

लोगों का कहना है कि जनता द्वारा चुने गए किसी जनप्रतिनिधि द्वारा इस प्रकार नियमित पत्र लेखन के माध्यम से सीधा संवाद स्थापित करने की शुरुआत पहली बार देखने को मिली है। यह पहल अलवर क्षेत्र में लोकप्रिय होने के साथ-साथ एक प्रेरणादायक मिसाल भी बन रही है। सांसद की यह पाती पढ़कर लोगों को गजल गायक पंकज उधास का प्रसिद्ध गीत वतन से चिट्ठी आई है... भी याद आ जाता है। ''एक पाती अलवर के नाम'' पत्र के माध्यम से सांसद भूपेंद्र यादव अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के साथ वे सभी जानकारियां साझा करते हैं, जो एक जनसेवक का कर्तव्य होता है। इस पत्र में विकास कार्यों की जानकारी के साथ-साथ युवाओं, आमजन और क्षेत्र से जुड़े हर महत्वपूर्ण विषय को शामिल किया जाता है, जिससे जनता को उनके सांसद द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित जानकारी मिलती रहे।

13 जनवरी 2026 को केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद खैरथल जिला मुख्यालय पर करोड़ों रुपए के विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि वे पिछले 20 सप्ताह से प्रत्येक सप्ताह फेसबुक पर एक पाती अलवर के नाम लिख रहे हैं और अब तक ऐसा कोई सप्ताह नहीं रहा जब यह पत्र नहीं लिखा गया हो। उल्लेखनीय है कि अलवर संसदीय क्षेत्र में आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं और सांसद इन सभी क्षेत्रों की जनता के लिए इस पाती के माध्यम से संवाद स्थापित कर रहे हैं। यही कारण है कि यह पत्र जन-जन में पढ़ा जा रहा है और क्षेत्र में जनप्रतिनिधि व जनता के बीच मजबूत संवाद का माध्यम बन गया है।

# अलवर में सायबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी के बैंक खाते में करीब 16 लाख रुपए ट्रांसफर हुए थे

**अलवर,** (निसं)। अलवर में सायबर ठगी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के बैंक खाते में अलग-अलग स्थानों से करीब 16 लाख रुपए ट्रांसफर हुए थे। आरोपी की पहचान समुंद्र के रूप में हुई है, जो लिवारी गांव का रहने वाला है। अरावली विहार थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस को सायबर सेल से सूचना मिली थी। आरोपी के बैंक खाते पर चार अलग-अलग सायबर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं। जैसे ही बड़ी राशि खाते में आई, पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए खाते को फ्रिज करवा दिया। आरोपी से पूछताछ में खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है।

अरावली विहार थानाधिकारी रामेश्वर लाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में सायबर अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सूचना मिलने पर आरोपी से पूछताछ की गई। जांच सामने आया कि वह एक संगठित सायबर ठगी नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। आरोपी ने कबूल किया कि वह अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर सायबर ठगी की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ थाने में मामला दर्ज कर लिया है, जबकि उसके फरार साथी की तलाश जारी है। फिलहाल आरोपी के बैंक खाते को फ्रीज कर दिया गया है और मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# डी-फार्मेसी डिप्लोमा दिलवाने के नाम पर 4.65 लाख की ठगी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। डी-फार्मेसी डिप्लोमा दिलवाने के नाम पर परिवार से लाखों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पति-पत्नी सहित तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने का मामला दर्ज कर लिया है।

> ■ जयपुर के कॉलेज में पता किया तो नाम ही नहीं था, पति-पत्नी सहित तीन पर केस दर्ज

पुलिस को दी रिपोर्ट में जसप्रीत कौर निवासी 2 एसटीआर, नई मंडी घड़साना (श्रीगंगानगर) ने बताया कि अबोहर निवासी मनिन्द्र कौर और उसके पति तोता सिंह ने उनके परिवार से कहा कि उनके परिचित रामदेव कल्ला निवासी बीकानेर जयपुर के एक फार्मेसी कॉलेज से डी-फार्मेसी करवा सकते हैं। इसके बाद आरोपियों ने जसप्रीत कौर के भाई गुरवंत सिंह का एडमिशन करवाने के नाम पर 4 लाख 65 हजार रुपए ले लिए एज्युकेशन के डॉक्यूमेंट भी ले लिए। पैसे देने के बाद जब रसीद मांगी गई तो आरोपी मना करने लगे। बाद में उन्होंने कह दिया कि ऑनलाइन कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। इसके बाद जसप्रीत कौर के पिता ने जयपुर जाकर कॉलेज में पता किया तो गुरवंत सिंह का वहां एडमिशन ही नहीं हुआ था। जब महिला ने आरोपियों से इसके बारे में पूछा तो वे लड़ाई-झगड़ा करने लग गए। आरोपियों ने कहा कि वह महिला (जसप्रीत) की फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करके बदनाम कर देंगे, जिसके बाद महिला ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने का मामला दर्ज कराया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सड़क हादसे में मजदूर की मौत :** कोटा में रेलवे कॉलोनी थाना इलाके में सड़क पर पैदल जा रहा मजदूर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मजदूर ने शनिवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

रेलवे कॉलोनी थाने के एएसआई देवकरण ने बताया कि महात्मा गांधी कॉलोनी निवासी मुकेश जो मजदूरी करता था, मजदूरी करके पैदल जाते समय चन्द्रेसल इलाके में अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी, जिसे उपचार के लिये किसी परिचित ने अस्पताल मे भर्ती कराया था। वहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# बीकानेर में अलग-अलग हादसों में दो जनों की मौत

**बीकानेर,** (निसं)। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हादसा लूणकरणसर में राष्ट्रीय राजमार्ग 62 पर 264 आरडी के पास बीती रात करीब दस बजे हुआ।

> ■ बाइक सवार युवक की मौत के बाद आरोपी ड्राइवर ट्रक लेकर फरार हो गया

पुलिस के अनुसार, कपूरीसर का रहने वाला रामनिवास (35) पुत्र ईश्वर राम पूनिया बाइक पर लूणकरणसर की ओर से अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ट्रक से उसकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि रामनिवास गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल को तुरंत उपजिला हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और ट्रक चालक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

बज्जू के बांगड़सर ग्राम पंचायत की आरडी 888 पर एक किसान की सिंचाई डिग्गी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पूनमचंद मेघवाल के रूप में हुई है जो रात में डिग्गी पर रखी मोटर को चालू करने गया था। उसका शव अगले दिन डिग्गी से बरामद किया गया। बज्जू पुलिस थाना के उपनिरीक्षक प्रेमसिंह ने बताया कि बांगड़सर निवासी बाबूलाल पुत्र मघाराम मेघवाल ने इस संबंध में एक लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार बाबूलाल और उसका छोटा भाई पूनमचंद आरडी 888 स्थित खेत में रहते थे। बाबूलाल ने बताया कि पूनमचंद रात करीब 9 बजे खेत में बनी सिंचाई डिग्गी पर मोटर पंप चालू करने गया था। जब वह डेढ़ घंटे तक वापस नहीं लौटा, तो बाबूलाल ने उसे फोन किया और खेत में ढूंढा, लेकिन वह नहीं मिला। डिग्गी पर जाकर देखने पर पानी में चप्पलें तैरती मिली। परिवार के अन्य सदस्यों को बुलाकर काफी तलाश के बाद अगले दिन सुबह पूनमचंद का शव डिग्गी से बाहर निकाला गया।

पुलिस ने बाबूलाल की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। मृतक पूनमचंद के शव का उपजिला अस्पताल बज्जू में पोस्टमॉर्टम करवाया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बज्जू थानाधिकारी द्वारा मामले की आगे की जांच की जा रही है।

# अवैध शराब के साथ दो तस्करों को दबोचा

**डूंगरपुर,** (निसं)। डूंगरपुर स्पेशल पुलिस टीम ने बाइक से शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सरथूना से डूका होकर गुजरात जाने वाले रास्ते पर दो बाइकों से अवैध शराब पकड़ी है। पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।

> ■ अवैध शराब को कट्टों में भरकर बाइकों से गुजरात ले जा रहे थे, नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार किया

जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सूचना मिली कि सरथूना से डूका के रास्ते होकर गुजरात में शराब की तस्करी की जा रही है। इस पर डीएसटी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बॉर्डर के पास नाकाबंदी कर दी। पुलिस ने गुजरात नंबर की दो बाइकों को रुकवाया। बाइकों पर कट्टे लटके हुए थे। पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो उनमें विभिन्न ब्रांड की शराब की बोतलें भरी हुई मिली, लेकिन दोनों के पास शराब ले जाने या रखने का कोई लाइसेंस नहीं मिला। पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में रसिक भाई पुत्र रमन भाई डामोर निवासी तुम्बलिया थाना मेघरज जिला अरवल्ली गुजरात और भवानी सिंह उर्फ भली पुत्र गला डामोर निवासी सरथूना थाना धम्बोला को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसटी ने शराब के साथ दोनों को पकड़कर धंबोला थाना पुलिस को सौंप दिया है। वहीं पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

**गांजा तस्करों से पूछताछ जारी :** भीलवाड़ा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। जिले के कारोई थाना पुलिस और डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 27 लाख रुपये से अधिक का अवैध गांजा जब्त किया है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक मारुति वैन से 54 किलो गांजा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस गांजा तस्करों से पूछताछ कर रही है।

भीलवाड़ा एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर जिलेभर में चल रहे अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान के तहत यह बड़ी कार्रवाई हुई है। मुखबिर की सटीक सूचना पर कारोई थाना पुलिस और डीएसटी ने 22 जनवरी को नेशनल हाईवे 758 पर स्थित मुजरास टोल प्लाजा पर नाकाबंदी की। इस कार्रवाई का नेतृत्व प्रोबेशनर आईपीएस आयुष श्रोत्रिय कर रहे थे। टीम ने एक मारुति वैन को रुकवाया। तलाशी लेने पर वैन के अंदर छिपाकर रखे गए 10 कट्टों में अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से वैन चालक असलम मोहम्मद पिनारा (25) को गिरफ्तार किया है, जो हलेड़ का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, जब्त किए गए 54 किलो 170 ग्राम गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 27 लाख 8 हजार 500 रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही तस्करी में इस्तेमाल मारुति वैन को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब आरोपी असलम से पूछताछ कर रही है कि वह यह गांजा कहां से लाया था और इसकी सप्लाई कहां की जानी थी।

### पशुघर में आग लगी

**डूंगरपुर,** (निसं)। रामसागड़ा थाना क्षेत्र माडा मंदिर फला में शुक्रवार देर रात को एक पशुघर में आग लग गई। सूखा चारा भरा होने से आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने समय रहते बाड़े में बंधे मवेशियों बचाया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

माडा मंदिर फला में प्रभुलाल लबाना के पशुघर में शुक्रवार देर रात को आग लग गई। पशुघर में सूखा चारा होने की आग की ऊंची ऊंची लपटें दूर तक दिखाई देने लगी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मवेशियों को खोलकर बाड़े से बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बर्तनों में पानी भर कर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। हादसे की सूचना पर देर रात को डूंगरपुर नगर परिषद से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# पाटन : बावरिया गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**पाटन,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बावरिया गैंग के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आदेश उर्फ कालू निवासी सुन्दरपुरा, थाना कोटपुतली, जिला कोटपुतली-बहरोड़ के रूप में हुई है।

> ■ आरोपी पूर्व में भी सीकर, प्रागपुरा, मनोहरपुर और डेगाना (नागौर) क्षेत्रों में कई आपराधिक वारदातों में संलिप्त रहा है

पाटन थानाधिकारी रमेश मीणा ने बताया कि 22 जनवरी को दर्ज मामले में परिवादी राजेंद्र, निवासी वार्ड नंबर दो सरदार शहर, जिला चूरू ने रिपोर्ट दी थी कि 17 जनवरी की रात वह अपनी पत्नी चावली देवी के साथ कोटपुतली से अपने गांव सरदार शहर जा रहे थे। रात्रि होने के कारण दोनों लुहारों के डेरे के पास पाटन क्षेत्र में रुक गए। उनके साथ एक गाड़ी और मवेशी थे। 18 जनवरी की सुबह करीब 6 बजे जागने पर मवेशी मौके से गायब मिले। अज्ञात चोरों द्वारा पशुओं की चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने वांछित आरोपियों और चोरी गए माल की तलाश में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। जांच के दौरान वारदात में प्रयुक्त बोलेरो एम्बुलेंस की तलाश कोटपुतली, बहरोड़, विराटनगर, प्रागपुरा, पावटा, थोई और अजीतगढ़ सहित कई क्षेत्रों में की गई। लगातार दबिश और गहन तलाशी के बाद पुलिस ने आरोपी आदेश उर्फ कालू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी पूर्व में भी सीकर, प्रागपुरा, मनोहरपुर और डेगाना (नागौर) क्षेत्रों में चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी और स्नैचिंग जैसी कई आपराधिक वारदातों में संलिप्त रहा है।